# जापान से साझेदारी यूपी को दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में अहम

## सीएम योगी ने जापान के यामानाशी प्रांत के गवर्नर के साथ निवेश की संभावनाओं पर की चर्चा

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ/नई दिल्ली।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी जापानी निवेशकों संग दीर्घकालिक व भरोसेमंद साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध है। जापान के साथ संबंधों को सिर्फ निवेश तक सीमित रखने के बजाय तकनीक, विनिर्माण, कौशल विकास व रोजगार के मौकों से जोड़ने पर प्रदेश का जोर है।

सीएम ने मंगलवार को नई दिल्ली में जापान के यामानाशी प्रांत के गवर्नर कोटारो नागासाकी के नेतृत्व में आए 200 से अधिक प्रतिनिधियों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के सम्मान में हुए रात्रिभोज में सीएम ने जापानी कारोबारी नेताओं से निवेश और साझेदारी पर चर्चा की। कहा, यूपी में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा, कुशल मानव संसाधन और निवेश अनुकूल नीतियां जापानी कंपनियों के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध करा रही हैं। जापान की तकनीकी विशेषज्ञता और उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमता का मेल प्रदेश को दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देगा। विनिर्माण और तकनीक आधारित विकास में जापान महत्वपूर्ण भागीदार बन सकता है।



जापानी प्रतिनिधिमंडल के साथ सीएम योगी, मंत्री एके शर्मा, जयवीर सिंह, नंद गोपाल नंदी, सुरेश खन्ना व अन्य। फोटो- सूचना विभाग

**500 एकड़ की जापान सिटी पर भी बात** : सीईओ राउंडटेबल में यीडा में प्रस्तावित 500 एकड़ की जापान सिटी पर भी प्रस्तुति दी जाएगी। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार जापान सिटी की योजना और जापानी कंपनियों के लिए प्रदेश में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देंगे। जापान के साथ बढ़ती साझेदारी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## 3191 करोड़ की जापानी परियोजनाओं की होगी वर्चुअल ग्राउंड ब्रेकिंग

**लखनऊ।** यूपी और जापान के बीच औद्योगिक एवं निवेश साझेदारी को नई ऊंचाई देने के लिए बुधवार को नई दिल्ली में यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट-2026 का हाई लेवल सीईओ राउंडटेबल होगा। होटल ताज पैलेस में होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में जापान के प्रमुख उद्योग समूहों के शीर्ष अधिकारी प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर मंथन करेंगे। 18 से 23 अगस्त तक चलने वाले निवेश मीट में जापान के 200 से अधिक उद्योगपति, सीईओ, कारोबारी और नीति-निर्माता हिस्सा ले रहे हैं। जापानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यमानाशी प्रीफेक्चर के गवर्नर कोटारो नागासाकी कर रहे हैं। कार्यक्रम में जापानी प्रतिनिधियों को यूपी में निवेश की संभावनाओं, औद्योगिक एवं अवस्थापना सुविधाओं और विभिन्न क्षेत्रों में लागू निवेश नीतियों की जानकारी दी जाएगी। ग्रीन हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, सेमीकंडक्टर, उन्नत सामग्री, वाहन कलपुर्जे और डिजिटल अवस्थापना जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर जापानी कंपनियों के साथ विचार-विमर्श होगा। ब्यूरो

■ निवेश मीट में एस्कॉर्ट्स कुबोटा और मिंडा कॉर्पोरेशन की परियोजनाओं की वर्चुअल ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी होगी। यीडा के सेक्टर-10 में एस्कॉर्ट्स कुबोटा 2025 करोड़ का निवेश करेगी। इससे 3800 से अधिक रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। मिंडा कॉर्पोरेशन की यीडा के सेक्टर-10 और सेक्टर-24 की दो परियोजनाओं में कुल 1166 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इनसे करीब 6440 रोजगार के मौके बनेंगे। दोनों कंपनियों की परियोजनाओं को मिलाकर कुल 3191 करोड़ रुपये का निवेश और 10 हजार से अधिक संभावित रोजगार यूपी में जापानी विनिर्माण तंत्र को मजबूत करेंगे।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उत्तर प्रदेश का बेहतर बुनियादी ढांचा, कुशल कार्यबल और निवेश अनुकूल वातावरण जापानी कंपनियों के विस्तार के लिए मजबूत आधार है।

कार्यक्रम 23 अगस्त तक चलेगा। 19 अगस्त को नई दिल्ली में बैठकें, 21 अगस्त को लखनऊ में मुख्य निवेश सम्मेलन तथा इसके बाद आगरा, ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में निवेश व कारोबारी कार्यक्रम होंगे।